आईआईएम के स्टूडेंट लंदन में प्रजेंट करेंगे इन्वेस्टमेंट प्रपोजल

रायपुर | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रायपुर के तीन स्टूडेंट्स की टीम ने लंदन में होने वाले केलॉग-मॉर्गन स्टेनली सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट चैलेंज-2018 के टॉप-10 फाइनलिस्ट में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये देश की इकलौती टीम है, जो इस कॉम्पिटीशन के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। टीम के श्रेयस, रबजोत सिंह और करण भंडारी 13 अप्रैल को लंदन में होने वाले मॉर्गन स्टेनली समिट में अपना इन्वेस्टमेंट प्रपोजल प्रजेंट करेंगे। इस साल कॉम्पिटीशन में 32 देशों से आए सौ से ज्यादा इन्वेस्टमेंट प्रपोजल को शामिल किया गया, जिसमें स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं।

Dainik Bhaskar 24th March 2018,p.17 (City Bhaskar)